>

Title: Need to protect the interest of workers in Bina Refinery, Madhya Pradesh.

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के बीना क्षेत्र में भारत सरकार के द्वारा बीना रिफाइनरी का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह रिफाइनरी जब प्रारम्भ हुयी थी, तब इसकी लागत साढ़े 7 हजार करोड़ रूपए थी, लेकिन इसमें देरी होने के कारण आज इसकी कास्ट लगभग 10 हजार करोड़ के आसपास पहुंच गयी है। उसमें काम करने वाले मजदूरों का जी-तोड़ परिश्रम करने के बाद भी, बहुत शोÂ◌ाण किया जा रहा है। उनसे निर्धारित समय से ज्यादा काम लिया जा रहा है। सुबह साढ़े 8 बजे वे आते हैं, शाम साढ़े 7 बजे जाते हैं और उनको निर्धारित मजदूरी का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा जो बोर्ड पर मजदूरी लिखी जाती है, वह मजदूरी उन्हें न देकर, उनको निर्धारित दर से कम मजदूरी दी जा रही है। उनको हेल्मेट नहीं दिए जा रहे हैं, गमबूट नहीं दिए जा रहे हैं और जूते नहीं दिए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों के घायल होने की घटनाएं होती रहती हैं। पिछले बजट सत्र के दौरान मैंने वहां की एक घटना को उठाया था जिसमें एक निर्माणाधीन दीवार के गिरने से एक महिला मजदूर की वहां मृत्यु हो गयी थी।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि बीना रिफाइनरी में जो काम करने वाले मजदूरों का शोÂ◌ाण बंद होना चाहिए। निर्धारित दरों पर मजदूरों को संरक्षण प्रदान करके, काम के समय के अनुसार उनको मजदूरी दी जानी चाहिए। उनके साथ हो रहे शोÂ◌ाण को रोका जाए, ज्यादा काम करने पर उनको अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान किया जाए और मजदूरों को सुरक्षा संबंधी उपकरण एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता करायी जाए। [c79]

**20.00 hrs.**